# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## दिसम्बर 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## पानी पाउच बेचने वालों पर उड़नदस्ता ने की कार्यवाही, 20 बोरी पानी पाउच किया जप्त

भिलाईनगर/ नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने आज नेहरूनगर, जवाहर नगर एवं रामनगर सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित पानी पाउच तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक/कैरीबैग, एक्सपायरी पेय एवं खाद्य पदार्थ आदि पर कार्यवाही करते हुए कुल 3805 रुपये अर्थदण्ड वसूल किए! नगर पालिक निगम, भिलाई की उड़नदस्ता टीम ने आज नेहरूनगर बटालियन के सामने शराब दुकान के आसपास के दुकानों से 17 बोरी पानी पाउच जप्त किया तथा जवाहर नगर एवं रामनगर के अंतर्गत आने वाले होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकान, बाजार, प्रतिबंधित पानी पाउच व प्लास्टिक कैरीबैग रखने वालों पर निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की। नालियों पर कचरा, सफाई व्यवस्था, लायसेंस आदि का जायजा लिया लिया गया तथा 09 व्यवसायियों से दाण्डिक शुल्क वसूलकर निगम कोष में जमा कराया गया साथ ही समझाईस दी गई निगम की उड़नदस्ता टीम द्वारा बल्लू पान पैलेस ओम शांति ओम चौक संचालक मुस्ताक हुसैन के यहां से 2 बोरी पानी पाउच, विजय प्रसाद चाय नाश्ता गौरव पथ रामनगर के यहां से 2 बोरी पानी पाउच, राकेश अग्रवाल हाउसिंग बोर्ड रामनगर से सड़क बाधा शुल्क 1500 रूपए, गिरगेश पाण्डेय व प्रहलाद कंसट्रक्शन जवाहर नगर से सड़क बाधा शुल्क 500-500 सौ रूपए, 11 बटालियन के सामने श्रीनिवास द्वारा घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर 350 रूपए, 11वीं बटालियन के सामने उदय पान ठेला से 12 बोरी पानी पाउच व अन्य दुकानों से कुल 04 बोरी प्रतिबंधित पानी पाउच जप्त करने के साथ ही अर्थदंड की कार्यवाही की गई।





# आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी द्वारा एसएलआरएम केंद्रों का किया गया औचक निरीक्षण

आयुक्त श्री रघुवंशी द्वारा नेहरू नगर, पीली मिट्टी चौक के समीप, आईटीआई खुर्सीपार के समीप तथा रूआबांधा तालाब के समीप स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण आज प्रातः 6:00 बजे से किया गया! सूखा कचरा गीला कचरा लाने वाले रिक्शा में यह देखा गया की सही तरीके से सूखे कचरे के डिब्बे में सुखा कचरा लाया जा रहा है तथा गीले कचरे के डिब्बे में गीले कचरा लाया जा रहा है अथवा नहीं! आयुक्त महोदय ने डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाले रिक्शा चालक से कहा कि जहां भी कचरा संग्रहण करने जाएं उन स्थलों में भी उन्हें सुखा कचरा अलग कर व गीला कचरा अलग करके देने के लिए आग्रह करें ताकि एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरा पूर्व से पृथक होकर आए और उसमें से सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर पृथक किया जा सके एवं गीले कचरे से खाद तैयार करने की प्रक्रिया की जा सके! निगम आयुक्त ने नेहरू नगर स्थित एसएलआरएम सेंटर में सूखे कचरे को एकत्रित करने के लिए डिब्बे अवलोकन किया तथा उपस्थित जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 अमिताभ शर्मा व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को निर्देशित करते हुए कहा कि डिब्बा में सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर जैसे कांच, प्लास्टिक, रबर, कागज, लोहे आदि को पृथक-पृथक रखा जाए! आयुक्त महोदय ने एसएलआरएम सेंटर का बारीकी से निरीक्षण किया उन्होंने बेलिंग मशीन की पूरी प्रक्रिया देखी यह मशीन बिखरे हुए पॉलिथीन को दबाकर एक बंडल में परिवर्तित कर देता है जिससे पॉलीथिन दुबारा इधर-उधर नहीं फैल पाती यह मशीन रूआबांधा, नेहरू नगर एवं खुर्सीपार के कचरा पृथककीकरण केंद्रों में स्थापित की गई है जिसे सुचारू रूप से चलाने के लिए निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए है!



# अवैध रूप से निर्माण किए गए बाउंड्री वाल पर लगातार तीसरे दिन भी निगम ने की कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के बाबादीप सिंह नगर क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से बाउंड्री वाल निर्माण कर प्लाटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बाबादीप सिंह नगर में अनाधिकृत रूप से सीमेंट पोल व प्रीकास्ट वाल से निर्माण किए गए बाउंड्री, मार्ग संरचना को जेसीबी से ढहाया गया। मौके से 4 हाइवा मुरम भी जप्त किया गया। निगम भिलाई द्वारा अवैध निर्माण, अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसके पूर्व भी कुरूद क्षेत्र और शांतिनगर में पटवारी बाड़ी के पास के इसी प्रकार की अवैध प्लाटिंग व अवैध निर्माण करने वालों पर कार्यवाही की गई थी। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश समस्त जोन आयुक्तों को दिए हैं जिस पर जोन आयुक्त जोन क्रमांक 02 सुनील अग्रहरि द्वारा आज बाबा दीप सिंह नगर क्षेत्र में अवैध रूप से किए गए बाउंड्री वाल निर्माण पर कार्यवाही की गई है। निगम का अमला छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 37 के विभिन्न उप नियमों के प्रावधानों के तहत एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 308 के तहत बाबादीप सिंह नगर क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण को रोकथाम करने निगम के अधिकारी/कर्मचारी, उड़नदस्ता टीम तथा तोड़फोड़ दस्ता के साथ पहुंचे और बाउंड्रीवाल को तोड़कर निर्माण सामग्री मूरूम जप्त किया गया।



## 7 स्टार की रेस में शामिल, भिलाई शहर हुआ ओडीएफ प्लस प्लस घोषित

भिलाईनगर/ केंद्रीय सर्वेक्षण टीम की रिपोर्ट पर भिलाई को ओडीएफ प्लस प्लस होने की घोषणा की पुष्टि की गई है। निगम भिलाई अपने दस्तावेजों के आधार पर 7 स्टार के रेस में शामिल होने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है, जिसकी पुष्टि टीम के आने के बाद की जाने की प्रबल संभावना है! अक्टुबर 2014 से भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ स्वच्छ भारत मिशन के तहत् निगम भिलाई, भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रतिभागी रहकर पुरे देश में अपना अहम स्थान बनाता रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 के लिए भारत सरकार ने देश के विभिन्न शहरों के निकायों में स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की है। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए 5 हजार अंक का लक्ष्य दिया गया है जिसमें से ओडीएफ प्लस प्लस होने के बाद निगम भिलाई ने 250 अंक अभी से अर्जित कर लिए हैं। दिनांक 25 से 27 नवंबर को भारत सरकार की सर्वेक्षण दल, निगम भिलाई क्षेत्र में ओडीएफ प्लस प्लस का परीक्षण करने पहुंचे थे उन्होने निगम क्षेत्र के 143 शौचालयों में 32 सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों के अलावा खुले में शौच वाले स्थानों, तालाब किनारे, रेलवे पटरी के किनारे, गली आदि का निरीक्षण किया था। भिलाई शहर को ओडीएफ प्लस प्लस घोषित होने में नगर निगम भिलाई एवं बीएसपी प्रबंधन के टीम का संयुक्त रूप से कार्य करने का नतीजा प्राप्त हुआ है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने नगरवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि कोई भी कार्य जनता की भागीदारी के बगैर संभव नहीं हैं। स्वच्छ भारत मिशन में भिलाई निगम प्रतिभागी है। शहर को 7 स्टार दिलाने के लिए आम नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में पुरे देश में भिलाई को नं. 01 बनाने के लिए भी शहरवासियों से अपील की है



# प्रत्येक सप्ताह को गौसेवक दे रहे शहरी गौठान में अपनी सेवा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निर्मित शहरी गौठान में गौसेवक अपनी सेवाएं दे रहे हैं! सप्ताह के एक दिन प्रत्येक रविवार को गौ सेवक बड़ी संख्या में गौठान में मौजूद होते हैं प्रातः से उपस्थित होकर वे अपने हाथों से पौष्टिक आहार पशुओं को चारा के रूप में प्रदान करते हैं! आज गौठान में उपस्थित होकर परिसर के कुछ स्थलों पर पर्यावरण के दृष्टिकोण से वृक्षारोपण भी किया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया! गौ सेवकों की टीम में बच्चे, युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं आदि सम्मिलित हो रही है, इनके द्वारा पशुओं के लिए चारा भी प्रदाय किया जा रहा है! इनके इस सराहनीय कार्य से और लोग भी जुड़ते जा रहे हैं! शहरी गौठान मे पशुओं के लिए हरी सब्जियों का भी इंतजाम किया जाता है साथ ही चारा के लिए पर्याप्त मात्रा में पैरा की भी व्यवस्था की गई है! पारंपरिक तरीके से किए गए निर्माण एवं भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप होने के कारण आने-जाने वाले राहगीरों के लिए यह एक आकर्षण का केंद्र भी बन गया है! स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए यहीं पर नाश्ता एवं भोजन बनाकर विक्रय किया जा रहा है! पशु चिकित्सकों द्वारा लगातार पशुओं का चिकित्सा परीक्षण किया जा रहा है एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को पशु संबंधी परामर्श दिया जा रहा है! शहरी गौठान में गौ प्रेमियों के सहयोग करने से एवं प्रत्येक रविवार को अपना योगदान देने के कारण और अधिक रौनकता आ रही है! मां बमलेश्वरी सेवा सहायता समूह के द्वारा गौचारा सेवा के लिए अपील भी की जा रही है कि गौ माता को चारा प्रदान कर गौ सेवा का लाभ ले निश्चित रूप से इस अपील का प्रतिसाद मिलता हुआ नजर आ रहा है





# 6 वार्डों के हितग्राहियों को किया महापौर देवेंद्र यादव ने एपीएल राशनकार्ड का किया वितरण

भिलाईनगर। नवीनीकृत एपीएल राशन कार्डों का वितरण महापौर एवं भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र ने जोन 04 के 6 वार्डों में किया। आज सुबह 10 बजे से जोन 04 क्षेत्र के स्थानों पर राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। महापौर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद व एल्डरमैन की उपस्थिति में नया एपीएल राशनकार्ड मिलने से नागरिकों ने महापौर व शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया!नवीनीकृत एपीएल राशनकार्ड का तीन दिवसीय वितरण कार्यक्रम के अंतिम दिन आज वार्ड 34 गणेश मंच सुभाष नगर से प्रारंभ हुआ। जोन 04 शिवाजी नगर के छावनी क्षेत्र अंतर्गत सुभाषनगर स्थित वार्ड में महापौर व विधायक भिलाईनगर देवेन्द्र ने राशन कार्ड का वितरण राशनकार्ड के हितग्राहियों को किया। महापौर छावनी क्षेत्र के ही शास्त्री नगर स्थित गणेश मंदिर परिसर वार्ड 35 में 39 कार्ड, गौतम नगर शिवालय परिसर में वार्ड 36 एवं वार्ड 37 के 102 कार्ड, जोन 04 जोन कार्यालय और सामुदायिक भवन पुरैना में वार्ड 38 व वार्ड 39 के 38 कार्ड स्थानीय नागरिकों के जन समूह के बीच राशनकार्ड का वितरण किए। महापौर देवेंद यादव ने छ.ग. शासन की योजनाओं को बताते हुए कहा कि राशनकार्ड पर हर व्यक्ति का अधिकार इस उददेश्य से एपीएल कार्ड बनाया है। इस दौरान राशनकार्ड हितग्राहियों को संबोधित भी किए। राशनकार्ड वितरण कार्यक्रम में बबीता बैसारे, अरविंद राय, सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।



# मोर जमीन मोर मकान घटक अंतर्गत इस वर्ष के अंतिम दिनांक तक के लिए प्रदाय किए गए लक्ष्य को भिलाई निगम ने किया पार

भिलाई नगर/ राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बीएलसी घटक (मोर जमीन मोर मकान) के तहत प्रगति रत आवासों को पूर्ण करने के लिए जुलाई माह में दिनांक 31 दिसंबर 2019 तक के लिए निकायवार लक्ष्य प्रदान किया था जिसमें से भिलाई को 2004 आवासों को पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया था जिस निर्धारित लक्ष्य को महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के कुशल नेतृत्व में प्रदाय लक्ष्य 2004 के विरुद्ध 2040 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है, बता दें कि 5067 कुल स्वीकृत डीपीआर है! सूड़ा द्वारा प्रगतिरत आवासों को माह दिसंबर 2019 तक पूर्ण किए जाने लक्ष्य प्रदाय किया था जिसमें जियोटैगिंग को अनिवार्य किया गया है! क्रमांक 3 में 245, जोन क्रमांक 4 में 518 तथा अन्य जोन में 231 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं! निगम आयुक्त श्री रघुवंशी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटकों के लिए लगातार समीक्षा बैठक ली जाती रही है हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी परिस्थिति के अनुरूप कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया जाता रहा है! आयुक्त महोदय ने पात्र हितग्राहियों के किस्त भुगतान की प्रक्रिया में विलंब न करने के निर्देश भी दिए हैं! मोर जमीन मोर मकान के तहत बन रहे आवासों की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं!





# स्वच्छता के अभियान में नागरिकों ने दिखाई अपनी सहभागिता, जोगिंग करते-करते उठाया कचरा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों ने स्वच्छता के महाअभियान में शामिल होते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन, डिस्पोजल, पन्नी एवं कचरा आदि उठाने का कार्य किया! लोग अपने घरों से कचरा उठाने के लिए थैला इत्यादि लेकर निकले! निगम प्रशासन द्वारा इन्हें हाथ में पहनने के लिए दस्ताना भी प्रदान किया गया, ताकि कचरा उठाने में दिक्कत न हो! निगम प्रशासन के अपील पर नागरिकों ने स्वच्छता में अपनी सहभागिता निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों से कचरा उठाने का कार्य किया वार्ड क्रमांक 4 राधिका नगर स्लॉटर हाउस, जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 देसी शराब दुकान के पास जवाहर नगर , जोन क्रमांक 3 क्षेत्र में बैकुंठ धाम के समीप तालाब परिसर,जोन क्रमांक 4 केनाल रोड से आईटीआई ग्राउंड एवं जोन क्रमांक 5 वार्ड 65 सड़क 2 के स्थानों में प्लास्टिक, पॉलिथीन तथा कचरा एकत्रित करने का कार्य नागरिकों की सहभागिता से किया गया! आज प्रातः कालीन बड़ी संख्या में बैकुंठ धाम तालाब परिसर पर लोगों की मौजूदगी स्वच्छता को लेकर दिखी जहां पर तालाब के परिसर को साफ करने का कार्य किया गया जिसमें युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी वर्ग के लोग सम्मिलित हुए, हाथों में थैला लिए लोग बेझिझक कचरे को एकत्रित करते रहे!






**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी. सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई


नगर पालिक निगम भिलाई